NOT APPROVED

# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(बारहवां सत्र)

## लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## बुधवार, 24 अगस्त,2016/2 भाद्रपद, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 14**

----

### भीमाकाली ट्रस्ट

1414 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि भीमाकाली ट्रस्ट के अन्तर्गत रामपुर क्षेत्र और जिला शिमला के कुछ मन्दिर भी लिए गए हैं; यदि हां, तो इन मन्दिरों का ब्यौरा नाम-पते सहित दें;

(ख) इस ट्रस्ट के कौन-कौन अध्यक्ष व सदस्य हैं; ब्यौरा नाम-पते सहित दें; इन मन्दिरों से प्राप्त आय क्या अलग-अलग दर्शाई गई है या सामूहिक रूप से भीमाकाली ट्रस्ट में डाली गई है; भीमाकाली ट्रस्ट से सम्बन्धित बनाए गए नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ग) यह भी सत्य है कि इन मन्दिरों में न्यास बनाने के बाद मन्दिरों में चोरी हुई है; यदि हां, तो किस-किस मन्दिर में; ब्यौरा नाम-पते सहित दें; और

(घ) रामपुर बाजार में ट्रस्ट के माध्यम से क्या दुकानें बनाई गई हैं; यदि हां, तो इन दुकानों का आबंटन किसने किया और इन दुकानों से कितनी आय प्राप्त हो रही है; कौन-कौन से ट्रस्ट ऐसे हैं जिन्हें सरकार ग्रांट देती है; ब्यौरा भीमाकाली मन्दिर सहित दें?

----

NOT APPROVED

## भूमि का हस्तांतरण

1415 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि मुख्य मन्त्री के कर कमलों द्वारा वर्ष 2012-13 में भून्तर में तहसील भवन एवं Tourist Information Centre का शिलान्यास किया गया;

(ख) यदि हां, तो भूमि हस्तांतरण न होने के क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार इस भूमि को कब तक सम्बन्धित विभाग को हस्तांतरित कर देगी; ब्यौरा दें?

----

## व्यावसायिक अध्यापक

1416 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने व्यावसायिक स्कूल हैं; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) यह सत्य है कि प्रदेश में वोकेशनल अध्यापक का वेतन दूसरे राज्यों से कम है तथा दो-तीन वर्षों से इन अध्यापकों को कोई भी वेतन वृद्धि नहीं दी जा रही है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार इन्हें दूसरे राज्यों के बराबर वेतन देने का विचार रखती है; और

(घ) सरकार क्या वोकेशनल अध्यापकों के पद outsourcing के माध्यम से भर रही है; यदि हां, तो ब्यौरा कारण सहित दें?

----

## सड़क निर्माण

1417 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत कितनी सड़कों को अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत स्वीकृत किया गया; विवरण नाम सहित दें;

(ख) इस योजना के अन्तर्गत कितनी सड़कों का निर्माण हो रहा है और इन सड़कों के लिए कितना बजट प्रावधित है; विवरण दें; और

(ग) इन सड़कों की वर्तमान स्थिति क्या है?

----

NOT APPROVED

## गैस कनैक्शन

1418 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 31-7-2016 तक नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा प्रधान मंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत कितने गैस कनैक्शन आबंटित किये गये; ब्यौरा पंचायतवार, नाम-पते सहित दें?

----

## धनराशि की प्राप्ति

1419 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल(भटियात) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2016 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी- कितनी धनराशि लोक सभा सदस्य, राज्य सभा सदस्य, विधायक निधि, BASP, DCP (other plan) MMGPY, Relief (natural calamity) और VMJS के अन्तर्गत प्राप्त हुई; ब्यौरा अलग-अलग वर्ष का कार्यवार व स्थान/पंचायत-वार स्वीकृत धनराशि सहित दें;

(ख) यह धनराशि किन-किन कार्यों के लिए किस-किस संस्था (विभाग) को आबंटित की गई; ब्यौरा विभाग के नाम व कार्य की estimated cost सहित दें; और

(ग) इनमें से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं कितने लम्बित हैं; ब्यौरा कार्य के नाम व पूर्ण न होने के कारण सहित दें?

----

## अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानांतरण

1420 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01 अप्रैल, 2016 से 31 जुलाई, 2016 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने अधिकारियों/कर्मचारियों के तबादले विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों एवं प्राधिकारी में किए गए; ब्यौरा दें;

(ख) सरकार ने क्या स्थानान्तरण नीति पर "17 clause" लगाई थी; और

(ग) इनमें से कितने स्थानान्तरण वर्तमान विधायक, बोर्ड व निगमों के Chairman/Vice Chairman एव अन्य अधिकारियों के DO Notes पर किए गए; ब्यौरा विभागशः, पद, नाम, पते, अल्प ठहराव में छूट, 1% quota व नियमों में दी गई छूट सहित दें?

----

NOT APPROVED

## लोक निर्माण विभाग में रिक्तियां

1421 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में लोक निर्माण विभाग में कितने अधिकारियों व कर्मचारियों के पद रिक्त हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) सरकार क्या जिला चम्बा में बेलदारों की भर्ती करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## विकलांगों को रोजगार

1422 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में सरकार विकलांग शिक्षित युवाओं को रोजगार देने का विचार रखती हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) जिला चम्बा में विकलांगों को रोजगार कब तक प्रदान कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## बस रूट

1423 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितनी सरकारी बसों के नए रूट दिए गए; ब्यौरा जिला व रूटवार दें; और

(ख) सरकार क्या चम्बा से शिमला तथा बैरागढ़ या Bhanjradu से शिमला वाया टांडा जनहित में वोल्वो बस सेवा शुरू करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## मनरेगा के अन्तर्गत कार्य

1424 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मनरेगा के अन्तर्गत किस-किस योजना का निर्माण किया गया; ब्यौरा योजनावार दें;

(ख) वर्तमान में मनरेगा के अन्तर्गत किस-किस योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है तथा कितनी धनराशि खर्च करनी प्रस्तावित है; ब्यौरा योजनावार दें; और

NOT APPROVED

(ग) इस वित्तीय वर्ष में किस-किस योजना का निर्माण कार्य मनरेगा के अन्तर्गत करवाने का लक्ष्य है; विवरण दें ?

----

## शिक्षण संस्थानों हेतु धनराशि

1425 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किस-किस पाठशाला को राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) सभी पाठशालाओं द्वारा क्या स्वीकृत धनराशि खर्च कर ली गई है; यदि नहीं, तो कारण ?

----

## सड़क निर्माण

1426 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग द्वारा किस-किस सड़क का निर्माण किया गया; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) किस-किस सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है तथा कितनी धनराशि खर्च करनी प्रस्तावित है?

----

## आयुर्विज्ञान महाविद्यालय नाहन

1427 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि

यह सत्य है कि डॉ0 यशवंत सिंह परमार मैडिकल कॉलेज नाहन में चाईल्ड स्पेशलिस्ट, रेडिओलोजिस्ट व ओ0टी0ए0 के न होने से रोगियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है; यदि हां, तो यह रिक्त पद कब तक भर दिए जाएंगे; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 8 अगस्त, 2016.** **सचिव।**

NOT APPROVED

NOT APPROVED